सीबीएसई बारहवीं व दसवीं में शांति मिशन एकेडमी के सभी बच्चे रहे सफल

# 12वीं में श्रृष्टि ने 95%, तो दसवीं में आदित्य को मिला 98% अंक

प्रतिनिधि, सहरसा

सीबीएसई परीक्षा के 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में शांति मिशन एकेडमी बरियाही के शत प्रतिशत बच्चे अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए हैं. अच्छे परीक्षा परिणाम से विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है. अधिकांश बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है. विद्यालय निदेशक बीबी झा, प्राचार्य राजेश रंजन ने बच्चों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते कहा कि अन्य वर्षो की भांति इस वर्ष भी अधिकांश बच्चे अच्छे अंकों के साथ सफल हुए हैं. उन्होंने बताया कि 12वीं की सीबीएसई परीक्षा में विद्यालय से 104 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे. जिनमें 98 बच्चे अच्छे अंकों से सफल हुए. इनमें 90 प्रतिशत से अधिक अंक पांच बच्चों ने प्राप्त किया है. जबकि छह बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है. वहीं 38 बच्चों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं. उन्होंने बताया कि 12वीं में साइंस में श्रृष्टि राज ने 95 प्रतिशत, पवन कुमार ने 93.8 प्रतिशत एवं भव्या मिश्रा ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया.

वहीं दसवीं की परीक्षा में विद्यालय से कुल 193 छात्र-छात्राएं शामिल हुए. जिनमें शत प्रतिशत बच्चे सफल रहे. वहीं इनमें 23 बच्चों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुआ है. जबकि 52 बच्चों को 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुआ है.

शेष 118 बच्चों को 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुआ है. सर्वाधिक आदित्य प्रकाश झा को 98 प्रतिशत, ललितेश राज शुभम को 95.4 प्रतिशत, दिप्ति दिया को 95.4 प्रतिशत, ईशा रानी को 95 प्रतिशत, ब्रजेश कुमार को 94.8 प्रतिशत, कार्तिक कुमार मिश्रा को 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है. आदित्य प्रकाश झा जिले में सीबीएसई 10वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त किया है.

□ बारहवीं व दसवीं में विद्यालय के बच्चों ने जिले में प्राप्त किया पहला स्थान

### 12वीं साइंस के सफल विद्यार्थी



श्रृष्टि राज. पवन कुमार. भव्या मिश्रा.

### दसवीं के सफल विद्यार्थी



आदित्य प्रकाश झा. ललितेश राज शुभम. दीप्ति.



ईशा रानी. ब्रजेश कुमार. कार्तिक मिश्रा.

## नवोदय विद्यालय के बच्चों ने दसवीं व बारहवीं में किया अच्छा प्रदर्शन

बारहवीं



DIKSHA KUMARI



ANKIT KUMAR



SAKSHI ANAND

**सहरसा** . जवाहर नवोदय विद्यालय के शत-प्रतिशत बच्चे सीबीएसई के 12वीं की परीक्षा में सफल रहे. अधिकांश बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है. विद्यालय प्राचार्य धीरेंद्र कुमार झा ने बच्चों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते कहा कि अन्य वर्षो की भांति इस वर्ष भी अधिकांश बारहवीं के बच्चे अच्छे अंकों के साथ सफल हुए हैं. उन्होंने बताया कि 12वीं की परीक्षा के विज्ञान में दीक्षा कुमारी ने 88.6 प्रतिशत, अंकित कुमार ने 86.2 प्रतिशत, साक्षी आनंद ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है. वहीं दसवीं में उदार कुमार ने 95.2 प्रतिशत, नमन राज ने 93.2 प्रतिशत, मीनू कुमारी ने 92 प्रतिशत, रजनीश कुमार ने 92 प्रतिशत, दिव्या भारती ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है. प्रधानाचार्य प्राचार्य डॉ झा ने सभी सफल बच्चों को भविष्य की शुभकामना दी.



UDAR KUMAR · MINU KUMARI · RAJNISH KUMAR · NAMAN RAJ

## सीबीएसई दसवीं परीक्षा में ग्रीन फील्ड स्कूल के सभी बच्चे रहे सफल

**सहरसा** . सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में ग्रीन फील्ड स्कूल के शत प्रतिशत बच्चे सफल रहे . अधिकांश बच्चे 90 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ सफलता पायी है . विद्यालय निदेशक बीके सिंह ने बताया कि कुशल प्रबंधन से विद्यालय के शत प्रतिशत बच्चे सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं . इनमें एकता झा 96 प्रतिशत, आर्यन राज 92 प्रतिशत, नेहा प्रवीण 91 प्रतिशत, विक्की कुमार 89 प्रतिशत, सुशांत राज 84 प्रतिशत, गौरव कुमार 81 प्रतिशत, हर्षवर्धन 80 प्रतिशत, लक्ष्य भारद्वाज 93 प्रतिशत, शिवम कुमार 92 प्रतिशत, हिमांशु कुमार 90 प्रतिशत, सत्यम कुमार 86 प्रतिशत, सत्यम कुमार 83 प्रतिशत, रेहान हाशमी 81 प्रतिशत, कृष्ण कुमार शर्मा 92 प्रतिशत, वंशिका झा 92 प्रतिशत, सुधीर कुमार 89 प्रतिशत, अमरदीप कुमार 84 प्रतिशत, शुभम कुमार 82 प्रतिशत, अभिराज कुमार 81 प्रतिशत अंक से सफलता पायी है . इनके अलावे हर्षित राज, अनुष्का आनंद, राजनंदनी, आयुष राज, हिमांशु, प्रभात, गोलू, आदित्य, भारत, अभिनव, आशुतोष, शिवा, सत्यम, सुमन, पीयूष, दिलखुश, प्रीति, रितेश, आदर्श, सोनू, कृष्णकांत सहित अन्य ने 75 प्रतिशत से अधिक प्राप्त किया है .



कृष्ण शर्मा वंशिका झा सुधीर कुमार



एकता झा आर्यन राज नेहा परवीन विक्की कुमार लक्ष्य भारद्वाज शिवम कुमार हिमांशु कुमार

रिजल्ट • सीबीएसई की ओर से आयोजित 12वीं व 10वीं की परीक्षा का परिणाम घोषित

# शांति मिशन एकेडमी के बच्चों का 10वीं व 12वीं में बेहतर प्रदर्शन

भास्कर न्यूज | सहरसा

सीबीएसई द्वारा आयोजित 12 वीं एवं 10 वीं की परीक्षा में बरियाही स्थित शांति मिशन एकेडमी के छात्र -छात्राओं ने बेहतरी प्रदर्शन किया है। बारहवीं की परीक्षा में इस स्कूल के 104 विद्यार्थी शरीक हुए थे, जिसमें 98 सफल रहे। 5 छात्रों ने 90 % से अधिक अंक हासिल किया। जबकि 6 ने 80 % से अधिक तथा 38 विद्यार्थियों ने 70 % से अधिक अंक हासिल किया। विद्यालय की छात्रा सृष्टि राज ने 95 % अंक प्राप्त कर स्कूल टापर बनी।

जबकि पवन कुमार ने 93.8 % अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं भाव्या मिश्रा ने 90.6 % अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। दसवीं की परीक्षा में इस स्कूल से 193 बच्चे शरीक हुए तथा सभी सफल रहे। 23 बच्चों ने 90 % से अधिक अंक हासिल किया । जबकि 52 बच्चों ने 80 % से अधिक 118 बच्चों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। आदित्य प्रकाश झा 98 % अंक प्राप्त कर स्कूल टापर बने। जबकि ललितेश राज शुभम एवं दीप्ति दीया ने 95.4 % प्राप्त कर द्वितीय,इशा रानी ने 95% प्राप्त कर तृतीय ,ब्रजेश कुमार ने 94.8% प्राप्त कर चतुर्थ एवं कार्तिक कुमार मिश्रा ने 94.4 % अंक प्राप्त पांचवां स्थान प्राप्त किया।


आदित्य प्रकाश।


ललितेश राज शुभम


दीप्ति दीया।


इशा रानी।


ब्रजेश कुमार।

## जय प्रताप सिंह पब्लिक पब्लिक स्कूल के शत प्रतिशत बच्चे रहे सफल


प्रिंस गौरव।


श्रेयांशु झा।


तनु श्री।


सौम्या रंजन।


तनीषा राज।

सहरसा | स्थानीय जय प्रताप सिंह पब्लिक के बच्चों सीबीएसई द्वारा आयोजित दसवीं की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। स्कूल के बच्चों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रिंस गौरव 97.8% लाकर स्कूल टॉपर बने और विद्यालय में नया कीर्तिमान बनाया। जबकि श्रेयांशु झा ने 97.4 % अंक प्राप्त कर द्वितीय , तनु श्री ने 95.4% अंक प्राप्त कर तृतीय , सौम्या रंजन ने 95.4% प्राप्त कर चतुर्थ एवं तनीषा राज ने 94.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय स्तर पर पांचवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के इस परिणाम पर विद्यालय के चेयरमैन चंद्रदेव सिंह, निदेशक भानु प्रताप सिंह एवं विद्यालय के प्राचार्य ने बच्चो, अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## दार्जिलिंग स्कूल के सभी छात्र हुए सफल

सोनवर्षाराज | सीबीएसई 10वीं का रिजल्ट आते ही दार्जिलिंग पब्लिक स्कूल मैना में जश्न का माहौल है। स्कूल की छात्रा दिव्या रानी ने सामाजिक विज्ञान में 93 प्रतिशत अंक हासिल किए। श्रीजा नीरज ने हिंदी में 85 प्रतिशत अंक लाकर माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय के सभी छात्रों ने परीक्षा में सफलता पाई है। निदेशक अजीत कुमार अनुज ने बताया कि सभी छात्रों ने अच्छे अंक लाकर परीक्षा पास की है। सफल छात्रों में धनवर्षा रानी, सरवन कुमार, अंकित कुमार, मुस्कान कुमारी, नीतीश कुमार, अभिमन्यु कुमार, आशीष राजा और गौतम कुमार शामिल हैं।

दूसरे टापर और तीसरे टापर में ... सीबीएसई की परीक्षा में उदय कुमार ... मानू कुमारी 92, रजनीश कुमार 92 एवं ... ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी।

# 12वीं में शांति मिशन एकेडमी की सृष्टि राज बनी स्कूल टापर

**संवाद सूत्र, जागरण, सहरसा**: सीबीएसई बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में शांति मिशन एकेडमी की छात्रा सृष्टि राज ने 95 फीसद अंक लाकर स्कूल में टाप रही। पवन कुमार ने 93.8 फीसद अंक, भाव्या मिश्रा ने 90.6 फीसद अंक लाकर स्कूल का मान बढ़ाया है। स्कूल के निदेशक बीबी झा ने बच्चों की सफलता पर सभी को बधाई दी।

प्राचार्य राजेश रंजन ने भी छात्र-छात्राओं की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि स्कूल से बारहवीं कक्षा में 104 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें 98 बच्चों ने उत्तीर्णता हासिल की। जिसमें 90 फीसदी से अधिक अंक लानेवालों पांच बच्चे, 80 फीसद से अधिक अंक लानेवालों में छह बच्चे और 70 फीसद से अधिक अंक लानेवालों में 38 बच्चे शामिल है।




पवन कुमार




दीप्ति दीया



इशा रानी



आदित्य प्रकाश झा



भाव्या मिश्रा



सृष्टि राज



ललितेश राज



ब्रजेश कुमार

**दसवीं में आदित्य रहे टापर**: दसवीं का स्कूल टापर शांति मिशन एकेडमी के छात्र आदित्य प्रकाश झा बने। आदित्य प्रकाश झा को 98 फीसदी अंक लाकर उत्तीर्णता हासिल की है। वहीं ललितेश राज शुभम 95.4 फीसद, दीप्ति दीया 95.4, ईशा रानी 95 फीसद, ब्रजेश कुमार को 94.8 फीसद, कार्तिक कुमार मिश्रा 94.4 फीसदी अंक लाया है। दसवीं कक्षा में 193 छात्र-छात्राओं में सबों ने सफलता हासिल की है। 90 फीसदी से अधिक अंक लानेवालों में 23 बच्चे, 80 फीसद अंक लाने वालों में 52 बच्चे और 70 फीसद से अधिक अंक लाने वालों में 118 बच्चे शामिल हैं।

# परिणाम देखकर छात्रों में दिखी खुशी

**कहरा, एक संवाददाता।** सीबीएसई 10वीं और 12 वीं की परीक्षा में इस वर्ष भी शांति मिशन एकेडमी बरियाही के छात्र - छात्राओं ने भी बेहतर परिणाम लाया। परिणाम देख छात्रों में खुशी दिखी।


बारहवीं बिज्ञान में छात्रा सृष्टि राज ने 95 प्रतिशत मार्क्स हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की है। वहीं पवन कुमार ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय एवं भव्या मिश्र ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त की।प्राचार्य राजेश रंजन के अनुसार इस वर्ष कुल परीक्षा में कुल शामिल 104 में 98 छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए। 5 छात्र - छात्राएं 90 प्रतिशत, 6 छात्र - छात्राएं 80 प्रतिशत एवं 38 ने 70 प्रतिशत से ज्यादे मार्क्स हासिल कर सफल हुए।सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में आदित्य प्रकाश झा ने 98 प्रतिशत मार्क्स हासिल कर प्रमंडल क्षेत्र में विद्यालय का मान रखा है। ललितेश राज सुभम ने 95.4 प्रतिशत मार्क्स तथा दीप्ती दिया ने 95.4 प्रतिशत मार्क्स हासिल कर द्वितीय स्थान स्थान प्राप्त की।ईशा रानी ने 95 प्रतिशत मार्क्स प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त की।प्राचार्य के अनुसार इस वर्ष दस वीं की परीक्षा में कुल 193 में छात्र - छात्राओं में सफल हुए ।23 छात्र - छात्राएं 90 प्रतिशत से ज्यादे, 52 छात्र - छात्राएं 80 प्रतिशत से ज्यादे तथा 118 छात्र - छात्राएं 70 प्रतिशत से ज्यादे मार्क्स हासिल कर सफल हुए।


सृष्टि राज


पवन कुमार


भव्या मिश्र


आदित्य प्रकाश झा


ललितेश राज सुभम


दीप्ति दिया


ईशा रानी


सौम्या साक्षी